हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 18.5 डिग्री

12 जिले में सीबीएसई स्कूलों का उत्कृष्ट...



12 बाल महोत्सव के अंतिम दिन फन गेम्स सोलो...



## खबर संक्षेप

### कोर्ट से घोषित दो पीओ भेजे गए जेल

**रेवाड़ी।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए दो पीओ गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिए। राजस्थान के अगवानी गांव निवासी अमर सिंह को कोर्ट ने एक मामले में लगातार अनुपस्थित रहने पर पीओ घोषित कर दिया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। बावल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना खोल पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर खोरी निवासी हरिओम के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### पोक्सो एक्ट का आरोपी जांच में शामिल

**कोसली।** पुलिस ने गत वर्ष पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को जांच में शामिल किया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने गत वर्ष 18 जुलाई को पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया था। इस मामले में एक आरोपी अभय कुमार को पुलिस ने जांच में शामिल करने के लिए गिरफ्तार कर लिया। हाई कोर्ट के आदेशानुसार आरोपी को बाद में रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। गत 27 जनवरी को दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। चालक वाहन सहित फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। पुलिस ने इस मामले में यूपी के बलियाली निवासी शेख मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया।

### आर्म्स एक्ट के तहत एक आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत 27 मार्च को हथियार बरामद होने के बाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने महेश्वरी निवासी अंकित को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके कब्जे से पूर्व में हथियार बरामद हो चुका है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने गत 26 जनवरी को दर्ज किए गए आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पहले भी कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। भालखी निवासी सुरेंद्र के बयान पर पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने महेंद्रगढ़ के भौड़ी निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### मृतक की पहचान के बाद हुआ पोस्टमार्टम

**रेवाड़ी।** पटौदी रोड नहर के पास स्कॉर्पियो की टक्कर से हुई मौत के बाद मृतक की पहचान जैतपुर निवासी रिटायर्ड बीएसएफ कर्मी ब्रह्मप्रकाश के रूप में हुई। वह स्कूटी लेकर पटौदी रोड पर जा रहा था। नहर के पास एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस ने शव को सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया।

### राशनिंग से मिल रहा पानी नाकाफी, टैंकरों से खरीद कर लोग बुझा रहे प्यास, नहर आने का बढ़ रहा इंतजार

# बढ़ती गर्मी से सूखने लगे शहरवासियों के गले, नहर में पानी आने में हो रही देरी

- **समस्या का कारण नए वाटर वर्क्स का नहीं हो पा रहा निर्माण**
- **आबादी बढ़ने से पानी के टैंकों की स्टोरेज क्षमता पड़ने लगी कम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

**13 अप्रैल को आना था पानी, इंतजार से बढ़ी परेशानी**

अप्रैल माह में ही गर्मी पूरी तरह अपने तेवर दिखाने लगी है। गर्मी बढ़ने के साथ ही शहरवासियों के लिए पानी की किल्लत शुरू हो गई है। गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी डिमांड भी बढ़ गई है। आगामी मई, जून व जुलाई में पानी की किल्लत लोगों और भी परेशानी पैदा करने वाली है। पिछले एक दशक से शहर के लोगों को सर्दी हो या गर्मी किस्तों में पानी मिलता आ रहा है। नहरी पानी समय पर नहीं आने की स्थिति में शहर के लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ता है। एक दशक से जन स्वास्थ्य विभाग स्टोरेज की क्षमता कम होने के कारण गर्मी के मौसम में पानी की आपूर्ति अल्टरनेट-डे करता आ रहा है। समस्या उस समय और भी विकराल हो जाती है, जब नहरी पानी का आपूर्ति में विलंब हो जाता है। शहर के लोगों को टैंकरों से पानी खरीदना पड़ता है। जिले में 22 मार्च को नहर में पानी आना बंद हो गया था, जिसके बाद 13 अप्रैल को पानी आना था, लेकिन अभी तक खूबड़ हेड से नहर में पानी नहीं छोड़ा गया है। पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों के अनुसार अब नहर में 19 अप्रैल को पानी पहुंचने की संभावना है।



रेवाड़ी। कालाका वाटर वर्क्स में कम हुआ पानी का स्तर। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। 22 मार्च से बंद पड़ी जेएलएन नहर। फोटो : हरिभूमि

### लिसाना के टैंकों में तीन फीट पानी बचा

शहर के कालाका वाटर वर्क्स से शहरवासियों को 21 दिन से राशनिंग करके पानी की सप्लाई दी जा रही है। वहीं लिसाना वाटर वर्क्स से संबंधित 24 से 31 वार्डों के लोगों को तीन दिन से एक दिन छोड़कर एक दिन पानी की सप्लाई दी जा रही है। लिसाना के तीन वाटर टैंकों 3 फीट तक पानी बचा है, जबकि कालाका के वाटर टैंकों में पानी का स्तर ज्यादा कम है। शहर के कालाका व लिसाना वाटर वर्क्स के टैंकों में पानी का स्तर गिरने के साथ ही जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से शहरवासियों को रोजाना पानी नहीं मिल पाता है।

### प्रतिदिन 30 एमएलडी पानी की खपत

वर्ष 2013 से ही जन स्वास्थ्य विभाग स्टोरेज की कम क्षमता कम होने के कारण गर्मी के मौसम में पानी की आपूर्ति अल्टरनेट-डे करता आ रहा है। समस्या उस समय और भी विकराल हो जाती है, जब नहरी पानी का आपूर्ति में विलंब हो जाता है। शहर के लोगों को टैंकरों से पानी खरीदना पड़ता है। विभाग के पानी स्टोर करने के लिए टैंकों की भारी कमी है। कालाका वाटर वर्क्स पर पांच और लिसाना में तीन वाटर टैंक हैं। दोनों वाटर वर्क्स शहर में पानी की डिमांड पूरी नहीं कर पा रहे है। शहर में प्रतिदिन 30 एमएलडी पानी की खपत होती है। गर्मी के मौसम में पानी की डिमांड ज्यादा बढ़ जाती है।

### 19 अप्रैल को नहर आने की पूरी संभावना

जेएलएन नहर आने में देरी होने के कारण लोगों को राशनिंग करके पानी दिया जा रहा है। 19 अप्रैल को नहर आने की पूरी संभावना है, जिसके दो दिन बाद पानी की सप्लाई सुचारू हो पाएगी।
**-सुनील कुमार, जेई, जनस्वास्थ्य विभाग।**

### पानी की पूर्ति नहीं कर पा रहे मौजूदा वाटर वर्क्स

कालाका और लिसाना दोनों वाटर वर्क्स प्लांटों की क्षमता को देखते हुए शहर में पानी की डिमांड पूरी करना आसान नहीं है। इसके लिए कम से कम चार वाटर टैंकों के साथ नए वाटर वर्क्स की आवश्यकता है। कालाका वाटर वर्क्स के पांच टैंकों की क्षमता 950 गैलन पानी स्टोरज की है, जबकि लिसाना के दो वाटर टैंकों की क्षमता 340 गैलन व एक नए वाटर टैंक की पानी स्टोरेज क्षमता 32 करोड़ 640 लाख लीटर है। नहरी पानी का शेड्यूल 16-24 दिन का चल रहा है यानि 16 दिन नहर में पानी आता है और 24 दिन नहर बंद रहती है।

# दुकानदार के साथ मारपीट कई लोगों पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कालाका चौक पर बिल्डिंग मेटेरियल की दुकान चलाने वाले व्यक्ति के साथ जमकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कई लोग दुकानदार के साथ मारपीट कर रहे हैं।

पुलिस शिकायत में दुकानदार हरीश कुमार ने बताया कि उसकी कालाका चौक पर बिल्डिंग मेटेरियल की दुकान है। उसकी दुकान पर राजेश सीमेंट लेने के लिए आया था। उसने राजेश को बताया कि पहले वह पुराना हिसाब करे। इसके बाद ही वह उसे सीमेंट देगा। हरीश ने आरोप लगाया कि इसके बाद राजेश ने उसके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसने अपने बेटे हिमांशु को भी बुला लिया। उसका बेटा अपने कई साथियों के साथ वहां पहुंच गया। इन लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए उसे गाड़ी में डालने का प्रयास किया। आसपास के लोग वहां एकत्रित हो गए। लोगों ने बीच-बचाव करते हुए उसे छुड़ाकर अस्पताल पहुंचाया।

# ईमेल, एसएमएस और कॉल स्पूफिंग से की जा रही ठगी अधिकारी बनकर लोगों को गुमराह कर रहे साइबर अपराधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस ने आमजन को ईमेल, एसएमएस व कॉल स्पूफिंग के माध्यम से होने वाली साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्कता बरतने की सलाह दी है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिलावासी किसी भी कॉल, मैसेज या ईमेल पर बिना सत्यापन भरोसा न करें। एसपी ने बताया कि वर्तमान समय में ईमेल स्पूफिंग, एसएमएस स्पूफिंग और कॉल स्पूफिंग जैसे साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। इन तकनीकों के माध्यम से ठग किसी भी व्यक्ति, अधिकारी या संस्था के नाम व नंबर का इस्तेमाल कर लोगों को कॉल या मैसेज कर सकते हैं। कई मामलों में ठग खुद को बड़े अधिकारी बताकर लोगों को गुमराह करते हैं और तुरंत कार्रवाई या पैसे की मांग करते हैं। उन्होंने बताया कि कई बार कॉल करने वाले की आवाज और नंबर दोनों असली प्रतीत होते हैं, जिससे आमजन आसानी से झांसे में आ जाते हैं। ठग जानबूझकर जल्दबाजी और दबाव बनाकर लोगों से तुरंत निर्णय लेने को कहते हैं, जिससे वे बिना सोचे-समझे उनके झांसे में आ जाते हैं।

### आमजन के बचाव के लिए सावधानियां

किसी भी कॉल, एसएमएस या ईमेल पर तुरंत विश्वास न करें। यदि कोई व्यक्ति खुद को अधिकारी-परिचित बताकर बात करे, तो घबराएं नहीं। ऐसी स्थिति में तुरंत उसी नंबर पर कॉल बैक कर सत्यापन करें। यदि कॉल बैक न लगे या संदेह हो, तो संबंधित विभाग-व्यक्ति के आधिकारिक नंबर पर संपर्क करें। किसी भी प्रकार की इमरजेंसी या दबाव में आकर पैसे या जानकारी जैसे ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड या बैंक डिटेल किसी के साथ साझा न करें।एसपी ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की ठगी का शिकार होता है या उसे कोई संदिग्ध कॉल,मैसेज,ईमेल प्राप्त होता है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज करें।
16 रेवाड़ी 19 का फोटो कैप्शनः



### स्पूफिंग क्या है और कैसे की जाती ठगी

ईमेल स्पूफिंगः किसी अन्य व्यक्ति-संस्था के ईमेल आईडी जैसा दिखाकर फर्जी ईमेल भेजना।
**एसएमएस स्पूफिंगः** किसी विश्वसनीय संस्था या बैंक के नाम से फर्जी मैसेज भेजना।
**कॉल स्पूफिंगः** किसी अन्य व्यक्ति या अधिकारी के नंबर से कॉल दिखाकर बात करना। एसपी मीणा ने बताया कि कई मामलों में ठग कॉल तो किसी के नंबर से कर लेते हैं, लेकिन उस नंबर पर कॉल रिसीव नहीं कर पाते।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 875 वाहनों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से ड्रिंक एंड ड्राइव, ध्वनि प्रदूषण और लेन चेंज के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जा रहा है। बीते सप्ताह ट्रैफिक पुलिस की ओर से यातायाता के नियमों का उल्लघंट करने वाले 875 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस की ओर से चलाए गए ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 8 वाहन चालकों के चालान किए गए।



रेवाड़ी। कार चालक में शराब की मात्रा चैक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं, जिससे वह अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है। इसके अलावा पुलिस ने गाड़ी में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले 2 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा। पुलिस ने लाल व नीली बत्ती लगाने पर 2 व लेन चेंज से संबंधित नियम की अवहेलना पर 863 वाहन चालकों के चालान किए।

### कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं

एसपी मीणा ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गाड़ियों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें। नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। बुलेट मोटरसाइकिल में पटाखा छोड़ने व ध्वनि प्रदूषण करने से बचें।

# गेहूं की कटी फसल में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा के अलावलपुर गांव में वीरवार दोपहर एक किसान के खेत में काटे हुए गेहूं की पराली में आग लग गई। किसाना के फव्वारा पाइप भी आग की चपेट में आकर जल गए। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण बिजली के तारों में शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

गांव निवासी किसान अनिल के खेत में आधा एकड़ गेहूं की पराली बची हुई थी। खेत से गुजर रहे बिजली के तार ढीले होने के कारण उनमें शार्ट सर्किट हो गया। इससे गेहूं की पराली में आग लग गई। आग की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया।



रेवाड़ी। खेत में लगी पर काबू पाते दमकल कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### टिकट के बंद लिफाफे में शीर्ष नेतृत्व को थमाए नाम, पार्टी में मजबूत पैठ वालों के नाम ही किए शामिल

# कांग्रेस में 'खास' को ही टिकट की आस, आम वर्कर को किया जा सकता है निराश

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

निकाय चुनावों में कांग्रेस की वीरवार को दिल्ली में हुई को कमेटी की मीटिंग में एक ओर जहां पहली बार वार्डों पार्षद के चुनाव भी सिंबल पर लड़ने को हरी झंडी दिखा दी गई, वहीं दूसरी ओर चेयरमैन की टिकट एक बार फिर आम कार्यकर्ता की जगह 'खास' की झोली में ही डल सकती है। आम कार्यकर्ता को टिकट के लिए निराशा का सामना करना पड़ सकता है। नगर परिषद के पिछले चुनावों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि पार्टी किसी आम कार्यकर्ता को चेयरमैन की टिकट थमाएगी। टिकट वितरण का दारोमदार वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कैप्टन अजय सिंह यादव पर था। उन्होंने 'परिवारवाद' से बाहर निकलने की बजाय अपने भतीजे की पुत्रवधु को टिकट दिलाकर मैदान में उतारा था। इसके बाद कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ताओं में नाराजगी खुलकर देखने को मिली थी। कैप्टन ने नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने का पूरा प्रयास किया था। इसके बावजूद पार्टी प्रत्याशी विक्रम यादव भाजपा प्रत्याशी पूनम यादव को सीधे टक्कर तक नहीं दे पाई थीं। उन्हें तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा था। इस बार एससी महिला के लिए चेयरमैन का पद आरक्षित होने के कारण वरिष्ठ नेताओं ने ही अपने चहेतों को टिकट दिलाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। टिकट के दावेदारों में पूर्व मंत्री शकुंतला भगवाड़िया की बेटी नीलम का नाम भी शामिल है। दूसरे निवर्तमान पार्षद प्रवीण चौधरी की पत्नी निहारिका व शकुंतला भांडोरिया के नाम दावेदारों की लिस्ट में शामिल हैं। दिल्ली में हुई बैठक में दोनों जिलाध्यक्षों के साथ-साथ पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव की ओर से भी बंद लिफाफों में दावेदारों के नाम शीर्ष नेतृत्व को सौंपे गए हैं।




रेवाड़ी। नगर परिषद कार्यालय का फाइल फोटो

### रोचक मुकाबले के आसार बढ़े

एक ओर जहां भाजपा ने दूसरी बार भी वार्डों के चुनाव भी सिंबल पर लड़ने की घोषणा कर दी है, तो कांग्रेस ने पहली बार वार्ड चुनाव सिंबल पर लड़ने का निर्णय लिया है। नगर परिषद के पिछले चुनावों में कांग्रेस ने चेयरमैन पद का चुनाव ही सिंबल पर लड़ा था। वार्ड स्तर पर सिंबल पर चुनाव लड़ने की घोषणा से अब वार्डों में भी भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी आमने-सामने होने के आसार बन गए हैं, जिससे चुनावों में रोचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

### कार्यकर्ता हो सकती हैं निराश

अगर पार्टी पूर्व मंत्री की बेटी या पूर्व मंत्री के किसी खास को टिकट थमाती है, तो इससे एक बार फिर 'परिवारवाद' व 'खास' को टिकट आम कार्यकर्ताओं में असंतोष पैदा करने का काम कर सकती है। पिछले चुनावों की तरह इस बार भी आम कार्यकर्ता अंदरखाने ऐसे प्रत्याशी को चारों खाने चित्त करने की रणनीति पर कार्य कर सकते हैं। ऐसे में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को टिकट आवंटन में सोच समझकर निर्णय लेना होगा।

### टिकट की घोषणा जल्द



आवेदन के लिए सभी के लिए द्वार खुले वीरवार को दिल्ली में हुई मीटिंग में वार्ड स्तर पर चुनाव सिंबल पर लड़ने पर सहमति बनी है। राज्यसभा चुनाव की तरह कांग्रेस निकाय चुनाव में भी परचम फहराने जा रही है। टिकट के लिए कोई भी कार्यकर्ता आवेदन कर सकता है। अभी चार आवेदन ही मिले हैं। जिताऊ चेहरे को ही टिकट देने पर विचार किया जा रहा है। टिकट की घोषणा भी जल्द कर दी जाएगी।
**-राव नरेंद्र सिंह, प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस।**

**खबर संक्षेप**

### महिला को गाड़ी ने मारी टक्कर, मौत

**कनीना।** मालडा बास में घर के बाहर सफाई कर रही एक महिला को गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी। महिला के पति प्रवीन कुमार ने गाड़ी के नीचे से निकाल कर उसे उप नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की पहचान मंजू देवी के रूप में हुई है, जो रोजमर्रा की भांति घर के बाहर सफाई कर रही थी।

### 12 ग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चिट्टा हेरोइन बरामद किया है। सीआईए को गुप्त सूचना मिली कि नियाज अलीपुर निवासी दीपक व बाछौद निवासी मोहित एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर नशीला पदार्थ बेचने के इरादे से आ रहे हैं। पुलिस ने मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में आरोपितों की तलाशी ली गई, तो एक पारदर्शी पॉलिथीन के अंदर 12 ग्राम चिट्टा हेरोइन बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मादक पदार्थ को सील कर मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया।

### सीएम ने विकास कार्यों का लिया फीडबैक

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश भर की नगर पालिकाओं में गठित वार्ड समितियों के सदस्यों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया गया। स्थानीय स्तर पर यह कार्यक्रम पंचायत भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय विकास कार्यों व नागरिक भागीदारी को लेकर सदस्यों से विस्तार से चर्चा की और उनसे फीडबैक लिया। इस मौके पर कार्यकारी अधिकारी जोगेंद्र सिंह सहयोगी सौरभ सोनी उपस्थित रहे।

### मंडलाना में शहीद की प्रतिमा का अनावरण कल

**नारनौल।** मंडलाना निवासी शहीद सिपाही ओमप्रकाश यादव की प्रतिमा का अनावरण 18 अप्रैल को किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रिगेडियर मोहन सिंह शेखावत करेंगे।

## प्रकाश यादव ने केंद्रीय व राज्य प्रदूषण बोर्ड से की कार्रवाई की मांग

# कंटेनर डिपो में कचरे में लगाई आग धुआं फैलने से घुट रहा लोगों का दम

■ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों का खुलेआम हो रहा उल्लंघन, अफसर नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कंटेनर डिपो में जलाया गया कचरा और सचिवालय के पीछे सड़क पर डाला गया सीएंडडी वेस्ट। फोटो : हरिभूमि

जिले में प्रदूषण को लेकर स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। जिला सचिवालय के पीछे कंटेनर डिपो के पास बड़े पैमाने पर कूड़ा तथा निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट यानि सीएंडडी वेस्ट डाला जा रहा है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

कंटेनर डिपो पर कूड़े के ढेर में आग लगाई जा रही है। कचरा जलाने से उठने वाला जहरीला धुआं आसपास के क्षेत्रों, कार्यालयों और जिला सचिवालय तक फैल रहा है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। इस के अलावा शहर में डंपिंग स्टेशन से कचरा उठान की बजाय आग लगाकर निपटाया जा रहा है।

समस्या को लेकर गांव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण विभाग और हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण विभाग को शिकायत भेजकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

प्रकाश यादव ने कहा कि यह स्थिति सीधे तौर पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानि एनजीटी के आदेशों का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि उनकी याचिका पर वर्ष 2024 में पूरे हरियाणा प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना लागू की गई थी, जिसका उद्देश्य कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण और अवैध डंपिंग पर रोक लगाना था। उन्होंने कहा कि सचिवालय के पीछे ही इस प्रकार खुलेआम कूड़ा डालना और उसमें आग लगाना दर्शाता है कि संबंधित अधिकारी एनजीटी के आदेशों की कड़ाई से पालना कराने के प्रति गंभीर नहीं हैं। सामाजिक कार्यकर्ता ने अवैध कूड़ा डंपिंग पर तत्काल रोक लगाने, कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की कड़ाई से पालना कराने की मांग की है।

## नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख की धोखाधड़ी, केस दर्ज

■ नौकरी दिलवाने के एवज में कुल छह लाख रुपये की मांग की थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

बव्वा गांव के एक व्यक्ति ने टूमना के एक व्यक्ति पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर रुपए ऐंठने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में जिला पुलिस अधीक्षक के माध्यम से कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। बिरेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि रेवाड़ी की ब्रास मार्केट में बच्चों को सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए कोचिंग देने का काम करने वाले टूमना के आनंद कुमार से उनकी पहचान थी। वह उनके घर पर आता रहता था। 2024 में आनन्द कुमार ने बताया कि उनकी उच्च अधिकारियों तक अच्छी जानकारी है। वह उनके लड़के विकास को सरकारी नौकरी लगवा सकता है। आनन्द ने अपने मोबाईल से उनके व्हाटसप पर भारतीय मानक ब्यूरो एसएसए का नोटिफिकेशन भेजा और फार्म भरवाने के लिए कहा। नौकरी लगवाने की एवज में छह लाख रुपये देने की बात तय हुई, जिसमें तीन लाख रुपए नौकरी लगने से पहले व तीन लाख रुपए बाद देना तय किया गया। उन्होंने आनंद के झांसे में आकर अपने बेटे विकास का फार्म भरवा दिया। उन्होंने 5 अक्टूबर 2024 को घर पर आए आनंद को अपनी पत्नी के एसबीआई के खाते से दो लाख रुपये का चेक दे दिया। इसके अतिरिक्त आनंद ने स्वयं 50 हजार रुपये 23 अक्टूबर को उनके एसबीआई व सर्व हरियाणा ग्रामीण के एटीएम से निकाले। बिरेन्द्र ने 50 हजार रुपये 26 अक्टूबर को आनन्द कुमार के बैंक खाते में आरटीजीएस कराया। तीन लाख रुपए लेने के बावजूद आनंद ने उनके बेटे को नौकरी नहीं लगवाया तथा पैसे वापस मांगने पर वह टालमटोल करने लगा। जब बिरेन्द्र मौजिज लोगों को साथ लेकर आनन्द के घर गया तो उसने दुर्व्यवहार किया व रुपये वापस देने से मना कर दिया तथा पुलिस कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद उन्होंने वर्ष 12 अक्टूबर को एक शिकायत नाहड़ पुलिस चौकी तथा एक शिकायत इसी वर्ष 30 जनवरी को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दी। कोसली पुलिस ने 13 फरवरी को दोनों को थाने में बुलाया। आनंद ने लिखित में एक लाख रुपए 14 फरवरी तथा बकाया दो लाख रुपए 14 मार्च को देने का आश्वासन दिया, लेकिन कोई राशि नहीं दी। कोसली पुलिस ने वीरवार को आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## आईजीयू के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक स्थलों का किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मीरपुर


रेवाड़ी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी की। सम्मेलन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, श्रीमद् भगवद गीता अध्ययन केंद्र, इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च, नई दिल्ली तथा विजन कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। सम्मेलन में देश-विदेश से पधारे विद्वानों, शोधकर्ताओं एवं अकादमिक विशेषज्ञों ने कुरुक्षेत्र क्षेत्र से संबंधित प्राचीन, मध्यकालीन तथा आधुनिक इतिहास के विविध आयामों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। प्रस्तुत शोध पत्रों में सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक भूगोल, धार्मिक परंपराओं, सामाजिक संरचनाओं तथा पुरातात्विक साक्ष्यों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर इतिहास विभाग विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का भी आयोजन किया गया। भ्रमण के अंतर्गत प्रतिभागियों ने कुरुक्षेत्र के प्रमुख ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों में ज्योतिसर, ब्रह्मसरोवर तथा धरोहर म्यूज़ियम का अवलोकन किया। शैक्षणिक गतिविधि का संचालन एवं मार्गदर्शन इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. बीरेंद्र सिंह एवं डा. अविनाश आर्य ने किया।

## तल्ख होने लगे गर्मी के तेवर, 41 डिग्री पर पहुंचा तापमान

**विक्षोभ की सक्रियता से आज आंशिक बादल छाने की संभावना, दो-तीन दिन बदलता रहेगा मौसम**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी


रेवाड़ी। वीरवार दोपहर आसमान में छाए आंशिक बादल। फोटो : हरिभूमि

अप्रैल के पहले पखवाड़े में ठंडे मौसम का आनंद उठा चुके लोगों को अब गर्मी का सामना करना पड़ेगा। मौसम के तेवर तल्ख होने शुरू हो गए हैं। तापमान 41.0 डिग्री पर पहुंचने से गर्मी पसीना छुड़ाने लगी है। विक्षोभ की सक्रियता के चलते शुक्रवार से आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी की संभावना भी जताई जा रही है।

वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। तेज धूप खिलने के कारण अधिकतम तापमान सीजन में पहली बार 2.0 डिग्री की वृद्धि के साथ 41.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री की मामूली गिरावट के साथ 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 20 प्रतिशत तक रहा, जबकि हवाओं की रफ्तार लगभग 12 किलोमीटर प्रति घंटा रही। दोपहर बाद आसमान में आंशिक बादल भी छाए, जो शाम तक साफ हो गए। तापमान बढ़ने के बाद दिन के समय गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गई हैं। पंखे और एसी चलने लगे हैं। लोगों ने अपने कूलर भी संभालने शुरू कर दिए हैं। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में दो दिन से रात का तापमान भी बढ़ना शुरू हो गया है, जिससे लोगों को अब रात के समय भी गर्मी का सामना करना पड़ेगा। अभी तक रात के समय मौसम ठंडा बना रहता था।

### दो-तीन दिन तक राहत की कोई उम्मीद नहीं

विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। लगातार पश्चिमी शुष्क हवाओं और सूर्य के तल्ख तेवरों ने हरियाणा एनसीआर में गर्मी के तेवरों को प्रचंड बना दिया है। कुछ स्थानों पर हीट वेव की स्थिति बनी हुई है। आने वाले दिनों में एनसीआर में दिन और रात के तापमान में और अधिक उछाल देखने को मिलेगा। 15 मार्च से मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलेगा। आंशिक बादलों के बीच बूंदाबांदी होने की संभावना बनी रहेगी। अगले दो-तीन दिन तक मौसम में बार-बार बदलाव आएगा, लेकिन तापमान में ज्यादा गिरावट की संभावना नहीं है।

## महिलाओं व बच्चों को पोषण आहार प्रारंभिक शिक्षा की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बावल



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को गांव नैचाना में पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास अधिकारी राधा यादव ने किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र एवं आधुनिक प्ले स्कूल में महिलाओं व बच्चों को पोषण आहार, स्वास्थ्य देखभाल और स्कूल पूर्व प्रारंभिक शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। राधा यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक प्ले स्कूल के रूप में विकसित किया गया है, जहां 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक आहार के साथ-साथ स्कूल जाने से पहले की बुनियादी शिक्षा दी जाती है। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा के दौरान केंद्रों में बच्चों का कद और वजन मापा जाएगा, ताकि उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर की नियमित निगरानी की जा सके। इसके साथ ही माताओं को भी बच्चों के सही खानपान, स्वच्छता और देखभाल के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में महिला पंच सजना और मंजू ने अभिभावकों से बच्चों को आंगनबाड़ी प्ले स्कूल में भेजने की अपील की। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर किरण, स्नेहलता, शीतल और पूनम सहित अभिभावक संतोष, कमलेश, संतरा, सुनीता, नेहा, ज्योति, मंजू, माया और पवित्रा उपस्थित रही।

## राता कलां में 12 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली

गांव राता कलां में वीरवार दोपहर करीब एक बजे उस वक्त बड़ा हादसा हो गया, जब एक किसान की खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। तेज हवा एवं गर्मी के चलते आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 12 एकड़ में खड़ी फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन सबसे गंभीर बात यह रही कि दमकल विभाग की गाड़ी करीब एक घंटे की देरी से मौके पर पहुंची। इस दौरान आग लगातार फैलती रही और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में लेती गई।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाती तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था। गांव के लोगों में इस देरी को लेकर खासा रोष देखने को मिला। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि


मंडी अटेली। राता कलां में गेहूं की फसल में लगी आग। फोटो : हरिभूमि

बार-बार सूचना देने के बावजूद दमकल विभाग की ओर से कोई त्वरित कार्रवाई नहीं हुई। सरपंच प्रतिनिधि बेदु ने बताया कि फायर ब्रिगेड के समय पर न पहुंचने के कारण गांव के सैकड़ों लोगों को खुद ही मोर्चा संभालना पड़ा।

## एचआईवी से बचाव का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता: डा. कंचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली


रेवाड़ी। छात्राओं को एड्स से बचाव की जानकारी देती डा. कंचन यादव।

कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में वीरवार को रेड रिबन क्लब की ओर से एड्स जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, रंगोली एवं वॉल डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि नागरिक अस्पताल की नेत्र विशेषज्ञ डा. कंचन यादव ने कहा कि एचआईवी एड्स से बचाव का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता है। युवाओं को इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभानी होगी।

डा. शिवरत्न यादव ने एचआईवी संक्रमण, बचाव के उपाय, समय पर जांच एवं उपचार पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोग से पीड़ित व्यक्ति के साथ सहयोग की जरूरत है। काउंसलर सुमन यादव, सोनिया एवं रजनी ने एचआईवी एड्स से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों, मानसिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षित व्यवहार की जानकारी दी। छात्राओं ने पोस्टर, स्लोगन, रंगोली और वॉल डेकोरेशन के माध्यम से संदेश दिए। पोस्टर मेकिंग में पीनकेश ने प्रथम, महक ने द्वितीय व प्रियंका ने तृतीय, स्लोगन में कुसुम ने प्रथम, प्रियंका ने द्वितीय व दिव्या ने तृतीय, रंगोली में सपना ने प्रथम, आरती, मनीषा व तमन्ना ने द्वितीय तथा मुस्कान, शीतल व दीक्षा ने तृतीय, वॉल डेकोरेशन में सुहानी ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय व तनुजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि ने विजेता छात्राओं को सम्मानित किया। रीजनल सेंटर निदेशक डा. यशपाल शर्मा व डा. अनिल कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## छापा मार मंडी फीस व जुर्माने के रूप में वसूले 7.5 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

इन दिनों मंडियों में रबी मार्केटिंग सीजन–2026 के तहत सरसों एवं गेहूं की खरीद चल रही है। इसके तहत बोर्ड मुख्यालय पंचकूला द्वारा मार्केट फीस की चोरी रोकने के लिए गठित टीम ने जिला महेंद्रगढ़ में विभिन्न स्थानों पर छापे मारी की तथा जुर्माना एवं फीस के रूप में करीब साढ़े सात लाख रुपये राजस्व के रूप में जुटाए।

जानकारी मुताबिक जिले की निरीक्षण टीम में एजीएम विजय कथूरिया, डीएमइओ जगजीत सिंह कादियान, सहायक सचिव राजेश, नीलामी अभिलेखक मनजीत डांडा, लिपिक सुनील, लिपिक हरिकांत एवं पीसीसी खेमकरण की संयुक्त टीम द्वारा जिले में अवैध रूप से की जा रही ट्रेडिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने महेंद्रगढ़ जिले में तेल मिलों व अवैध रूप से सरसों का स्टॉक करने वालों से लगभग 7,50,000 रुपये की फीस व जुर्माना वसूल करने में कामयाबी हासिल की है।

बता दें कि गत 7 अप्रैल से जिले में टीम द्वारा छापेमारी करके अवैध रूप से भंडारण की गई सरसों की मार्केट फीस व जुर्माना मौके पर ही भरवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त मंडी में जिले की मंडी में लाइसेंसधारियो द्वारा जिन्होंने खरीद से संबंधित आवश्यक दस्तावेज अच्छे से मेंटेन नहीं कर रखे हैं, उनसे भी जुर्माना सहित फीस वसूल की है।

**मतदान** 21 से 25 अप्रैल तक दाखिल किए जाएंगे नामांकन पत्र

# पंचायती राज संस्थाओं के रिक्त पदों पर 10 मई को उपचुनाव का नोटिफिकेशन जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी


रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा।

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिले में पंचायती राज संस्थाओं के रिक्त पदों पर उप चुनाव 10 मई को कराए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि 10 मई को होने वाले उप चुनाव के कार्यक्रम का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। डीसी ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के रिक्त पदों के लिए होने वाले उप चुनाव कार्यक्रम के तहत उम्मीदवार 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक बीच सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे।

नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल को की जाएगी और उम्मीदवार 28 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं, जिसके तुरंत बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। 28 अप्रैल को ही प्रतियोगी उम्मीदवारों और पोलिंग स्टेशन की लिस्ट चस्पा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदान 10 मई, को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मतदान के उपरांत मतगणना कराई जाएगी और मतगणना के तुरंत बाद चुनाव का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। यदि आवश्यकता हुई तो 12 मई को पुनर्मतदान कराया जाएगा।

### जिले में यहां होंगे उपचुनाव

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में बावल खंड के वार्ड नंबर 5 में पंचायत समिति सदस्य और डहीना खंड के गांव फतेहपुरी टप्पा डहीना में सरपंच पद के लिए उपचुनाव होने हैं। इसके अलावा जिला में नाहड़ खंड के गांव नेहरूगढ में वार्ड 10 और गांव भाकली में वार्ड 13, गांव कुहारड़ में वार्ड 1 में पंच पद के लिए उपचुनाव कराए जाएंगे। इसी तरह बावल खंड के गांव रघुनाथपुरा में वार्ड 6, गांव नैचाना में वार्ड 9, गांव सुलखा में वार्ड 5, खंड डहीना के गांव ढाणी जरावत में वार्ड 6, गांव डहीना के वार्ड वार्ड 5, गांव कहाड़ी में वार्ड 1, खंड धारूहेड़ा के गांव डवाना में वार्ड 3, खंड जाटूसाना के गांव बेरली खुर्द में वार्ड 1 और 10, गांव बेरली कलां में वार्ड 5, गांव नांगलिया रणमोख में वार्ड 6, गांव मालियाकी में वार्ड 3, खंड रेवाड़ी के गांव नया गांव में वार्ड 4 और 6, गांव हांसाका में वार्ड 5, गांव ढालियावास में वार्ड 8 तथा खंड खोल के गांव हजीपुर में वार्ड 3 में पंच पद के लिए उप चुनाव होंगे। जिले में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है।

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में टॉपर बनी अंजलि

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया। अंजलि ने 93.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यश ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा, मंदीप ने 90.20 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेवाड़ी जिले के नाहड़ खंड की ग्राम पंचायत नाहड़ द्वारा बंदरों के बढ़ते उपद्रव को देखते हुए गांव में मौजूद 900- 1000 बंदरों को पकड़ने हेतु इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति अथवा संस्था से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति/ संस्था दिनांक 20/04/2026 तक ग्राम पंचायत कार्यलय में संपर्क करे।

सरपंच, ग्राम पंचायत नाहड़, खण्ड नाहड़ जिला रेवाड़ी

### रिजल्ट घोषित होते ही खुशी से झूम उठे होनहार, शिक्षकों और परिजनों ने खिलाई मिठाई

# जिले में सीबीएसई स्कूलों का उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ मनाया जश्न

रेवाड़ी। सीबीएसई बोर्ड की ओर से घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में जिले के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। सीबीएसई गुरुग्राम रीजन का कक्षा दसवीं का रिजल्ट 90 प्रतिशत से अधिक रहा। बुधवार देर शाम आए रिजल्ट के बाद वीरवार को स्कूलों में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ जमकर जश्न मनाया। जिले से इस बार सीबीएसई बोर्ड दसवीं परीक्षा में 9000 से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। स्कूलों में शिक्षकों की ओर से विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## होली चाइल्ड की लक्षिता व साक्षी बनी स्कूल टॉपर



सीबीएसई की ओर से घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा लक्षिता व साक्षी ने 99.4 प्रतिशत और मुस्कान ने 99 प्रतिशत अंक लेकी जिले में अपनी विशिष्ट पहचान बनाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। स्कूल के 219 छात्रों में से 17 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक और 87 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। गणित में सुहाना, मुस्कान, यशिता और नीलाक्षी, सामाजिक विज्ञान में लक्षिता, वंशिका शर्मा और नैंसी छापोलिया, अंग्रेजी में दिव्या और दीक्षा चौहान, कम्प्यूटर साइंस में लक्षिता, आदी, कशिका गेरा, साक्षी, लक्षिका, नैंसी छापोलिया, समृद्धि, शिवम सैनी, यशिता, वैष्णवी सिंह और गौरव जोशी, विज्ञान में साक्षी तथा संस्कृत में मुस्कान ने 100 अंक प्राप्त किए। स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। छात्रों ने अभिभावकों और अध्यापकों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर स्कूल चेयरपर्सन कांता सचदेवा, निदेशक डा. अनिरुद्ध सचदेवा, प्रधानाचार्या राखी गिबरानी, उपप्रधानाचार्या डा. सांची सचदेवा और प्राइमरी इंचार्ज इंदू धमीजा ने प्रतिभाशली छात्रों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

## आरपीएस कोसली टॉपर ने प्राप्त किए 99.60 प्रतिशत अंक

आरपीएस स्कूल कोसली के विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विद्यालय के टॉपर छात्रा ने 99.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय ही नहीं, पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। दसवीं कक्षा के 36 विद्यार्थियों में अवनि यादव 99.60, तीक्षा राज यादव 99.2, हिमांशी 98, जानवी 97.8, भाव्या 97.8, अंश 96.8, दीपांशु 96.6, मेघना 96.6, मनस्वी 96.4, मोहित कुमार 96.2, अक्षत भाकुनी 96, दिशा यादव 95.6, आरोही राव 95.2, केशव 94.6, यश सहरावत 94, याक्षी 94, वंशिका 93.2, सुमित 93.2, इशांत 93, संस्कार 93, रिया 92.8, गीतांजलि 92.6, राशि 92.4, समीर 92.4, यांशी 92, पूजा 92, खुशी यादव 92, यश 91.8, जयंत 91.8, हिना 91.8, अंशिका 91.6, हर्ष करिरया 91.6, समृद्धि 91.4, हिमांशी 91.4, दिव्या 90.4 और खुशबु यादव ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वीरवार को विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने मिलकर सफलता का जश्न मनाया। मेधावी विद्यार्थियों का विद्यालय में स्वागत कर सम्मानित किया गया। निदेशक हंसराज यादव ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। प्राचार्या अंजू यादव ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे नियमित कक्षाएं, विशेष मार्गदर्शन, टेस्ट श्रृंखला और व्यक्तिगत ध्यान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।




## राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल में खुशी की लहर



राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल दड़ौली का सीबीएसई 10वीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। चेयरमैन राय सिंह यादव ने बताया कि स्कूल के 154 विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा दी थी, जिनमें से 31 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 47 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक तथा 71 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 97.20 प्रतिशत अंक लेकर दीक्षा ने स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अंजलि ने 96.2 अंक के साथ दूसरा, खुशबू यादव ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा, कीर्ति यादव व साक्षी खरेरा ने 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ चौथा, पारस ने 94 प्रतिशत अंक लेकर पांचवा, पारुल यादव ने 94 अंक लेकर छठा, अंश ने 93.6 अंक लेकर सातवा, तमन्ना ने 93.4 अंक लेकर आठवा, रितेश ने 93.2 प्रतिशत अंकों के साथ नौवा तथा चारू ने 93 प्रतिशत अंक लेकर दसवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रिंसिपल सरिता यादव ने इस उपलब्धि के लिए अध्यापकों, विद्यार्थियों तथा अभिभाकों को बधाई दी तथा सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

## दसवीं परीक्षा के सफल विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने परिजनों व स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्र अक्षय गर्ग ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम, छात्र यश कुमार पुत्र नरेश कुमार ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा विजय गर्ग ने 91.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही तनु ने 91 प्रतिशत, सुमित ने 90.7 प्रतिशत, रितेश कुमार व खुशबू ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की निदेशक विमल देवी एवं डा रामकरण मलिक ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई दी।



रेवाड़ी। दसवीं की परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

## विश्व विरासत दिवस पर मीरपुर ऐतिहासिक हवेली में प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विश्व विरासत दिवस के उपलक्ष्य में अहीरवाल हेरिटेज संस्था की ओर से पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा तथा ग्राम पंचायत मीरपुर के सहयोग से 18 अप्रैल को फोटो एवं पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाना तथा युवाओं में विरासत संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। मीरपुर स्थित



ऐतिहासिक राव तेज सिंह हवेली में आयोजित प्रदर्शनी में अहीरवाल क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों, प्राचीन स्थापत्य कला, लोक संस्कृति एवं परंपराओं से संबंधित आकर्षक फोटोग्राफ एवं कलात्मक पेंटिंग्स प्रदर्शित की जाएंगी।

## अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही के कारण होती: मनोज

कोसली। राजकीय महाविद्यालय कोसली में विद्यार्थियों में नागरिकता बोध और सामाजिक जागरूकता की भावना विकसित करने के लिए वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. लाज कौशल ने की। कार्यक्रम के प्रथम चरण में रोड़ सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में व्याख्यान में कोसली के थाना प्रभारी मनोज कुमार एवं अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के व्यवहारिक पहलुओं से अवगत कराते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, गति सीमा के पालन तथा ट्रैफिक नियमों का पालन जरूरी।

## माय भारत बजट क्विज में अंशु साझा किए विचार



रेवाड़ी। श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल हांसाका की छात्रा अंशु ने राष्ट्रीय स्तर पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित माय भारत बजट क्विज प्रतियोगिता में 12 लाख प्रतिभागियों में हरियाणा के रेवाड़ी जिले से प्रतिभागी बनकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंशु को एक विशेष वर्चुअल मीटिंग के जरिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ।

## मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण प्रतियोगिता में प्रथम आने पर स्कूल सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय माध्यमिक विद्यालय भटसाना ने सत्र 2025-26 की मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता पर ग्राम पंचायत भटसाना, जिला पार्षद निरंजन लाल व ग्रामीणों ने विद्यालय स्टाफ को बधाई देते हुए सम्मानित किया। क्लस्टर हेड अजय सिंह स्टेट अवॉर्डी ने बताया कि कुछ समय पहले तक विद्यालय एक सामान्य सरकारी विद्यालय की तरह ही था, लेकिन अब यह आसपास के प्राइवेट विद्यालयों से भी बेहतर स्थिति में है। विद्यालय मुख्य अध्यापिका सुमनलता ने बताया कि विद्यालय सौंदर्यकरण में तो सर्वश्रेष्ठ है ही इसके अतिरिक्त विद्यार्थी जिला व राज्य स्तर पर प्रतिभागिता करके अव्वल स्थान पा रहे है।

## प्लेसमेंट ड्राइव में 100 ने कराया पंजीकरण

■ आठ छात्रों को मिले जॉब ऑफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में डा. रीना हुड्डा ने कंपनी के प्रशिक्षक कनाक्षा और कीर्तना का स्वागत किया। इस मौके पर कनाक्षा ने विद्यार्थियों को कंपनी के विजन और उनके ट्रेनिंग-कम-प्लेसमेंट मॉडल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रोग्रामिंग, सॉफ्टवेयर टेस्टिंग और उभरती तकनीकों में दक्षता हासिल कर विद्यार्थी उद्योग की वर्तमान जरूरतों के अनुसार खुद को तैयार कर सकते हैं। ड्राइव में बीटेक, एमसीए और एमएससी गणित के अंतिम वर्ष के 100 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**सुंदर प्रस्तुति** अंतिम दिन प्रतियोगिताएं देर रात तक जारी रही

# बाल महोत्सव के अंतिम दिन फन गेम्स सोलो और ग्रुप डांस में छात्रों का धमाल

■ आगामी दिनों में राज्यपाल असीम घोष करेंगे विजेताओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के तत्वावधान में जिला बाल कल्याण परिषद् की ओर से बाल भवन में चल रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बाल महोत्सव का समापन हो गया। अंतिम दिन की प्रतियोगिताएं देर रात तक जारी रही। अब आगामी दिनों में राज्य स्तर के विजेताओं को राज्यपाल असीम घोष सम्मानित करेंगे। बाल महोत्सव के अंतिम दिन रंगोली तृतीय व चतुर्थ वर्ग, ग्रुप डांस प्रथम व द्वितीय, सोलो डांस प्रथम व द्वितीय, सोलो क्लासिकल डांस द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ग, क्विज द्वितीय वर्ग, डिक्लेमेशन कॉन्टेस्ट तृतीय व चतुर्थ वर्ग, फन गेम्स बॉयज और गर्ल्स तृतीय वर्ग तथा वन एक्ट प्ले-थिएटर प्ले चतुर्थ वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंतिम दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएमसी ब्रह्मप्रकाश थे। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि विद्यार्थी परिणाम की परवाह न करते हुए मंच से अपने हुनर को निखारने का अवसर समझें। मनमाफिक परिणाम न आने पर निराशा ना होते हुये अपने प्रयास जारी रखें ताकि भविष्य में उच्च सफलता मिल सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देते हैं तथा उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना का विकास करते हैं।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में पिंकी कार्यक्रम अधिकारी, जयप्रकाश एडीओ पीएचईडी, प्रवीण यादव लेखाकर, रोशनी सुपरवाईजर, मुग्धा यादव अधीक्षिका, अजमेर गोदारा परिवीक्षा अधिकारी, सुभाष यादव, अमित, शुक्रम, अनिल शर्मा, कविता, डा. ज्योत्सना यादव, दीपा भारद्वाज व मनोज यादव उपस्थित थे।



रेवाड़ी। बाल महोत्सव में गुरप डांस करती छात्राएं।

### अंतिम दिन की प्रतियोगिताओं के परिणाम

ग्रुप डांस सैकेंड ग्रुप में आरपीएस पब्लिक स्कूल की जानवी टीम ने पहला, आधारशिला पब्लिक स्कूल जींद की गुंजन टीम ने दूसरा और एचडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल झज्जर की दीक्षा टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस प्रथम ग्रुप में रोहतक की सावी ने प्रथम, अंबाला कैंट की आराध्या ने द्वितीय व जींद के भाविष ने तृतीय, सोलो क्लॉसिकल डांस सैकेंड ग्रुप से भिवानी की दृष्टि ने पहला, महेंद्रगढ़ की शगुन ने दूसरा व अंबाला की सरगुन ने तीसरा, क्विज सैकेंड ग्रुप में साल्हावास झज्जर की चार्वी व यशवी ने पहला, नारनौल की माही यादव व भव्या ने दूसरा तथा जींद के गगन धवन व प्रणय गर्ग ने तीसरा, डिक्लेमेशन कॉन्टेस्ट थर्ड ग्रुप में कैथल से लक्ष्य ने प्रथम, जींद के शुभम ने द्वितीय व आरपीएस रेवाड़ी की वृतिका जीना ने तृतीय,फन गेम्स थर्ड ग्रुरप लड़कों में महेंद्रगढ़ के शिवम ने प्रथम, नारनौल के नवदीप यादव ने द्वितीय और पानीपत के प्रांजल ने तृतीय, फन गेम्स थर्ड ग्रुप लड़कियों में रोहतक की हितिका ने प्रथम, झज्जर की प्रियंका ने द्वितीय व राज स्कूल रेवाड़ी की कोमल ने तृतीय, रंगोली फोर्थ ग्रुरप में रेवाड़ी की राजश्री ने पहला, महेंद्रगढ़ के आरव राघव ने दूसरा व अंबाला कैंट की अरुणा यादव ने तीसरा, ग्रुप डांस फर्स्ट ग्रुरप में झज्जर की हुनर टीम ने पहला, महेंद्रगढ़ की काव्या टीम ने दूसरा और फरीदाबाद की लविश टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। वही सोलो डांस सैकेंड ग्रुप में अंबाला सिटी की गुरसीरत कौर ने प्रथम, महेंद्रगढ़ की दृष्टि कुमारी ने द्वितीय व झज्जर की खुशबू तृतीय तथा रंगोली थर्ड ग्रुप में महेंद्रगढ़ की आकांक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## न्यूज डायरी



### 'हम फर्ज निभाएंगे, जनगणना है काम देश का, हाथ बटाएंगे' गीत रिलीज

रेवाड़ी। वीरवार को डीसी अभिषेक मीणा ने जिला सचिवालय में जनगणना जागरूकता गीत रिलीज किया। उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि वे 30 अप्रैल तक चलने वाले स्वःगणना अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें तथा डिजिटल प्रारूप में अपने मकान संबंधी विवरण खुद दर्ज करें, ताकि प्रगणक को सटीक जानकारी मिल सकें। डीसी ने कहा कि पहली बार पूर्णरूप से डिजिटल जनगणना की जा रही है, जिसमें सभी घर बैठे अपना विवरण एसई पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। वरिष्ठ साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया की ओर से लिखित जागरूकता गीत को संगीतकार-गायक मुरारीलाल सोनी ने स्वर और संगीत दिया है। 'हम फर्ज निभाएंगे, जनगणना है काम देश का, हाथ बटाएंगे' शीर्षक से लिखे गए जागरूकता गीत में राष्ट्रीय महत्व के कार्य जनगणना को नीति निर्माण का आधार बताते हुए सभी से स्वःगणना में भाग लेने की अपील की गई है।



### विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कैंप में दी जानकारी

रेवाड़ी। विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नया गांव स्थित राजकीय माध्यमिक पाठशाला में वीरवार को मुख स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। खुश मुंह, खुश जिंदगी, थीम पर आयोजित इस शिविर में बच्चों को स्वस्थ जीवन के लिए मुख स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगायचा अहीर की दंत चिकित्सक डा. मंजू रानी ने छात्र-छात्राओं के दांतों की जांच की और उन्हें सही तरीके से दांत साफ करने, नियमित ब्रश करने तथा समय-समय पर जांच कराने की सलाह दी।




### ऑपरेशन मुस्कान के तहत दस साल के बच्चे को परिजनों से मिलवाया

रेवाड़ी। भाडावास गेट चौकी पुलिस ने बड़ा तालाब के पास घूम रहे एक 10 साल के बच्चे को उसके परिजनों की तलाश सकुशल हवाले किया। बच्चे के मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। वीरवार सुबह के बड़ा तालाब के पास एक 10 साल के बच्चा लावारिस हालत में घूम रहा था। पुलिस ने सीडब्ल्यूसी से बच्चे की काउंसलिंग कराकर उसके परिवार के बारे में पूछताछ की तो पता चला कि बच्चा मूलरूप से बिहार के जिला बेगूसराय के गांव चांदपुर हाल आबाद मोहल्ला विकास नगर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क किया तो बच्चे की मां ने बताया की उसका बेटा अपने पिता के साथ बाजार में आया था। इस दौरान वह भटक कर कहीं चला गया था, जिसकी उन्होंने काफी तलाश की थी। पुलिस ने बच्चे को परिजनों को सौंप दिया है।




### विवेकानंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड में शानदार प्रदर्शन

रेवाड़ी। लाखनौर स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। छात्रा आभा ने 98 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, दीया शर्मा ने 97, आदित्य चौहान ने 96, तनीशा ने 95, दीक्षा व इशिका ने 93, महक व प्रिया यादव ने 92, निधि, दृष्टि व नैनिका ने 91 प्रतिशत तथा भूमिका, साइना व गजेंद्र ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परचम लहराया है। इसके अलावा 14 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक व 17 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।




### विकास इंटरनेशनल स्कूल के हार्दिक ने दसवीं में प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक

रेवाड़ी। विकास इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई दसवीं के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र हार्दिक ने 96 प्रतिशत, अनामिका ने 95, साक्षी ने 93, योगिता ने 92, धीरज व युवराज ने 91 तथा ईशा, आदिती, इशिका शर्मा और उदय सिंह ने परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल से 38 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। विद्यालय के चेयरमैन देवेंदर यादव व प्राचार्य भीम सिंह ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। सभी छात्रों ने नियमित अध्ययन, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है।



### समाधान शिविर में सीवरेज ओवरफ्लो सहित अनेक शिकायतों की हुई सुनवाई

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। डीसी ने शिविर में जनसुनवाई करते हुए अधिकारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निवारण कराने के निर्देश दिए। शिविर में यादव नगर में सीवरेज ओवरफ्लो होने, बिहारीपुर गांव में पटवारी का पद खाली होने, गांव चांदपुर की ढाणी में नाले का पानी सड़क पर जमा होने, गांव लिसाना में अवैध रूप से रास्ता बनाने तथा गांव काकोड़िया में जोहड़ में नहर का पानी भरवाने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसके अलावा फैमिली आईडी, पेंशन व पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों की भी सुनवाई की गई। इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार और डीएसपी पवन कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।